**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 22.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर राहत और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार के कदमों पर दिया जोर, कहा पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले।
2. शारदीय नवरात्र की आज से हुई शुरुआत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को दीं शुभकामनाएं।
3. रामगढ़ पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, चोरी की एक कार और ग्यारह बाइक बरामद, तीन अपराधी गिरफ्तार
4. झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रामगढ़ में हुआ संपन्न, मंत्री योगेंद्र प्रसाद और विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में 25 करोड़ लोग निर्धनता से उबरे हैं। कल राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आमदनी को कर से राहत प्रदान की, ताकि मध्यम वर्ग के जीवन में व्यापक सुगमता और सरलता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नए मध्यम वर्ग की अपनी आकांक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि उनके कर बोझ को आसान बनाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को दोहरा फायदा होगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार परिवर्तन तथा प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह लाखों लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत सरायकेला–खरसावां के सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। मौके पर भाजपा नगर महामंत्री सुमित चौधरी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जांच जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

*******************

शारदीय नवरात्र आज से आरंभ हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वदरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। इधर लोहरदगा जिले में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ पूरे विधि–विधान और भक्ति भाव के साथ हुआ, जहां भक्तों ने कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की।

*******************

कोडरमा के खादी शोरूम में दुर्गा पूजा और गांधी जयंती को लेकर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। ग्राहकों ने कहा कि खादी पहनने से आराम के साथ–साथ देशभक्ति और स्वदेशी का एहसास होता है। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मैनेजर हरिहर सिंह ने बताया कि नए डिजाइनर कपड़ों का स्टॉक भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे ग्राहकों को खास अनुभव मिल रहा है।

*******************

रामगढ़ पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी की एक कार और ग्यारह बाइक बरामद कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रांची, रामगढ़ और हजारीबाग में दर्जनों मामले पहले से दर्ज हैं और ये नकली आरसी बनाकर चोरी की गाड़ियों की बिक्री करते थे। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि बरामद वाहन झाड़ियों में छुपाए गए थे और आरोपियों की निशानदेही पर आगे भी छापेमारी जारी है।

*******************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी, आज सुबह मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स दो सौ 17 अंक गिरकर 82 हजार चार सौ नौ पर और निफ्टी 34 अंक गिरकर 25 हजार दो सौ 93 पर आ गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 3 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 37 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

गढ़वा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

*******************

रामगढ़ के कुंदरु कला पंचायत स्थित महथा बगीचा में झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल देर शाम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद और विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि गांवों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए सरकार खेल मैदान और खेल अकादमी की व्यवस्था कर रही है।

वहीं विधायक ममता देवी ने युवाओं से खेल को अनुशासन और समर्पण के साथ खेलने की अपील की।

*******************